# Program Outcome

## स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम का उद्देश्य

सिधु कान्हू बिरसा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक स्तर पर सम्मान और सामान्य हिन्दी का जो पाठ्यक्रम है जिसका अनुसरण हमारा कॉलेज करता है, उसके मूल उद्देश्य को निम्न बिंदु के आधार पर रेखांकित किया जा सकता है-

- इस पाठ्यक्रम के द्वारा विद्यार्थी हिन्दी साहित्य के विभिन्न कालों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थी इससे भारतीय सभ्यता-संस्कृति, राजनीति, सामाजिक, आर्थिक स्थितियों का ऐतिहासिक तथा साहित्यिक परिचय प्राप्त कर एक सभ्य-सुसंस्कृत तथा विचारशील नागरिक बन सकेंगे।
- यह पाठ्यक्रम इस तरह तैयार किया गया है कि रोजगार के बाजार में अत्याधिक प्रतियोगिता होने पर भी विद्यार्थी अपनी योग्यता, विवेकशीलता तथा थोड़े परिश्रम से सफल हो सकेंगे।
- इस पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थी हिन्दी भाषा की समुचित जानकारी प्राप्त करते हुए हिन्दी व्याकरण, काव्यशास्त्र सहित हिन्दी वाचन में कौशल प्राप्त कर सकेंगे।
- रोजगार के क्षेत्र में प्रयोजनमूलक हिन्दी तथा अनुवाद विज्ञान का अध्ययन केंद्र सरकार, राज्य सरकार सहित अन्य सरकारी तथा गैरसरकारी क्षेत्र में राजभाषा अधिकारी, कनिष्ठ अनुवादक जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं में सहायक होंगे।
- इस पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थी भारतीय तथा प्रवासी हिन्दी साहित्यकारों तथा उनकी रचनाओं से परिचित हो सकेंगे। इससे न केवल उन्हें भारतीय जन-जीवन को समझने में मदद मिलेगी बल्कि वे विदेशों में रह रहे भारतीय पर विदेशी संस्कृति के प्रभाव को समझ सकेंगे। इससे उनके व्यक्तित्व और मानसिक विकास संभव होगा।
- पत्रकारिता,विज्ञापन, दृश्य-श्रव्य माध्यम, साहित्य और हिन्दी सिनेमा जैसे पाठ्यक्रम के अध्ययन से विद्यार्थी रोजगार से क्षेत्र में समाचार पत्र, रेडियो, सिनेमा तथा अन्य मीडिया के क्षेत्र में कौशल प्राप्त कर आगे बढ़ सकेंगे।
- लोक साहित्य, मध्ययुगीन काव्य के पठन-पाठन से भारतीय लोकजीवन तथा संस्कृति जो भारत की आत्मा है, से जुड़कर अपनी सभ्यता और संस्कृति के प्रति जागरूक होंगे।

कुल मिलाकर यह पाठ्यक्रम विद्यार्थी के मानसिक, बौद्धिक, नैतिक व व्यक्तितत्व विकास के साथ-साथ भारत के गौरवमय संस्कृति तथा लोकजीवन से जुड़कर देश के अच्छे नागरिक बन सकेंगे। इतना ही नहीं, यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के लिए भविष्य में रोजगार संबंधित प्रतियोगी परीक्षा तथा आत्मनिर्भर बनने में उपयोगी सिद्ध होंगे।